# आकाशवाणी गोरखपुर
# प्रादेशिक समाचार

दिनांक–04 जून 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अबसे थोड़ी देर बाद शुरू होगी मतगणना, चुनाव आयोग की वेबसाइट और वोटर हेल्पलाइन पर देखे जा सकेंगे रूझान और परिणाम, लोगों से सोशल मीडिया के अफवाहों से सतर्क रहने की अपील।
- चुनाव आयोग ने गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ लगाये गये आरोपों के संबंध में कांग्रेस नेता जयराम रमेश को उत्तर देने के लिए एक सप्ताह का समय देने से किया इनकार।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों के नाम जारी किया पत्र, कहा–इक्कीसवीं सदी की दुनिया भारत की ओर बहुत आशाओं से देख रही है।
- अयोध्या के राममंदिर परिसर में बने म्यूजिमय में रखी जाएंगी रामायणकालीन वस्तुएं।

**********

प्रदेश की अस्सी लोकसभा सीटों के चुनाव और चार विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव के लिए मतगणना अब से थोड़ी देर बाद सुबह आठ बजे से शुरू हो जाएगी। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवां ने बताया कि मतगणना के रुझान और परिणाम चुनाव आयोग की वेबसाइट **रेजल्ट्स डॉट ईसीआई डॉट जीओवी डॉट इन** और **वोटर हेल्पलाइन ऐप** पर भी उपलब्ध रहेंगे। मतगणना का कार्य प्रदेश के पचहत्तर जिलों के इक्यासी मतगणना केंद्रों पर होगा। मतगणना की सतत निगरानी के लिये सामान्य प्रेक्षकों के साथ अतिरिक्त प्रेक्षकों की भी नियुक्ति की गई है।

इस बीच, प्रदेश के अपर मुख्य सचिव गृह दीपक कुमार और पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने कल लखनऊ में संयुक्त प्रेस वार्ता में कहा कि मतगणना स्थल पर त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। सबसे भीतरी घेरा केंद्रीय सुरक्षा बल, बीच का घेरा पीएसी और सबसे बाहरी घेरा स्थानीय पुलिस के जिम्मे रहेगा। उन्होंने लोगों से अपील की है कि मतगणना से जुड़ी फर्जी खबरों पर ध्यान न दें। सोशल मीडिया पर अफवाह न फैलाई जाए, इस पर नजर रखी जा रही है। ऐसा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

उधर, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने कल राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी से मुलाकात की ।

प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें ज्ञापन सौंपा और आरोप लगाया कि मतगणना के दिन समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता माहौल खराब कर सकते हैं। पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या, बृजेश पाठक, प्रदेश सरकार में मंत्री स्वतंत्र देव सिंह और जीपीएस राठौर शामिल रहे।

**********

आकाशवाणी समाचार ने लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनावों के मतगणना की पल–पल की जानकारी देने के लिए व्यापक प्रबंध किये हैं। इस कड़ी में आज पंद्रह घंटे का हिन्दी और अंग्रेजी में विशेष कार्यक्रम लोकनिर्णय दो हजार चौबीस अब से थोड़ी देर पहले शुरू हुआ है जो रात में दस बजे तक प्रसारित होगा। इसमें देशभर से आकाशवाणी संवाददाता ताजा जानकारी देंगे। कार्यक्रम में रूझानों और परिणामों के बारे में विशेषज्ञों तथा विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं से चर्चाएं होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी गोल्ड के साथ अन्य चैनलों और डिजिटल प्लेटफर्म पर प्रसारित होगा। आकाशवाणी की क्षेत्रीय समाचार इकाइयां भी विशेष कार्यक्रम प्रसारित करेंगी। प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत कुमार सहगल ने बताया कि मतगणना के परिणामों के बारे में जानकारी देने के लिए दिल्ली में आकाशवाणी मुख्यालय में सार्वजानिक घोषणा प्रणाली और बडे डिस्प्ले बोर्ड लगाये गये हैं। दूरदर्शन ने भी मतगणना के लिए विशेष प्रबंध किये हैं।

**********

निर्वाचन आयोग ने कांग्रेस नेता जयराम रमेश के गृह मंत्री अमित शाह के विरुद्ध लगाए गए आरोपों का उत्तर देने के लिए एक सप्ताह का समय देने संबंधी अनुरोध को कल खरिज कर दिया। श्री रमेश को लिखे पत्र में आयोग ने उन्हें तथ्यात्मक आधार के साथ कल शाम 7 बजे तक जवाब देने का समय दिया था। श्री रमेश ने आरोप लगाया था कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मतगणना को प्रभावित करने के लिये कल एक सौ पचास जिला मजिस्ट्रेटों को फोन किया था।

**********

विश्व पर्यावरण एक्सपो दो हजार चौबीस का आयोजन कल से सात जून तक ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट एंड सेंटर में किया जाएगा। इस आयोजन में स्थिरता और जलवायु क्षेत्र के करीब बीस हजार व्यापारिक संगठन शामिल होंगे। इसका आयोजन भारतीय प्रदर्शनी सेवाएं और ग्रीन सोसाइटी ऑफ इंडिया द्वारा किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न राज्यों से बीस से अधिक महापौर भी शामिल होंगे। आयोजक ने बताया कि यह आयोजन दुनिया भर के स्टार्ट अप्स, स्केल अप्स, निवेशकों और बहुराष्ट्रीय कम्पनियों से एक ही स्थान पर जुड़ने का मंच बनेगा।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि 21वीं सदी की दुनिया भारत की ओर बहुत आशाओं से देख रही है। उन्होंने कहा कि भारत का सुशासन मॉडल दुनिया के लिए एक उदाहरण बन रहा है। एक पत्र के माध्यम से देशवासियों के साथ अपने विचार साझा करते हुए श्री मोदी ने कहा कि जन–समर्थक सुशासन, आदर्श जिले और आदर्श ब्लॉक जैसी योजनाओं पर वैश्विक स्तर पर चर्चा हो

रही है। उन्होंने कहा कि केवल दस वर्षों में 25 करोड़ लोगों को गरीबी से ऊपर उठने के लिए सशक्त बनाना महत्वपूर्ण है। श्री मोदी ने कहा कि गरीबों को सशक्त बनाने से लेकर अंतिम छोर तक सरकार के प्रयासों ने समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों को प्राथमिकता देकर दुनिया को प्रेरित किया है।

**********

अयोध्या में कल राम मंदिर निर्माण समिति की बैठक हुई। बैठक के बाद समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने बताया कि राम मंदिर के द्वितीय तल पर बनने वाले राम दरबार में दरबार की मूर्ति संगमरमर की होगी। साथ ही परिसर में बन रहे सप्त मंदिर का निर्माण अक्टूबर तक पूरा हो जाएगा। उन्होंने बताया कि परिसर में एक म्यूजियम बनाया जा रहा है, जहां रामायण कालीन वस्तुएं रखी जाएंगी। इसके अलावा परिसर में ऑडिटोरियम का निर्माण भी होगा। इसका काम जुलाई के पहले सप्ताह में शुरू हो जायेगा।

***मंदिर निर्माण समीक्षा की जाती है क्योंकि एक लक्ष्य है कि दिसंबर 2024 तक मंदिर पूर्ण होना है। महत्वपूर्ण विषय था वह था ऑडिटोरियम बनाने का जुलाई के प्रथम सप्ताह में आधारशिला उसकी डाल दी जाएगी और उसे भी लगभग लगभग 12 महीने में पूर्ण कर लिया जाएगा। ऑडिटोरियम का यहाँ पर महत्व इसलिए भी है की बहुत सारे जो कार्यक्रम है भगवान रामलला से संबंधित वो ऑडिटोरियम में ही होंगे और वहीं पर जो साधु  संतों के लिए गेस्ट हाउस का भी निर्माण किया जाएगा।***

**********

हरदोई जिले में तेरह जुलाई को प्रस्तावित राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार प्रसार के लिए जिला विधिक प्राधिकरण द्वारा कल प्रचार वाहनों को क्षेत्र में रवाना किया गया। प्राधिकरण के अध्यक्ष और जिला जज राज कुमार सिंह ने प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में सभी मुकदमों को नियमानुसार त्वरित निस्तारण किया जाएगा। उधर, विश्व साईकिल दिवस पर कुशीनगर जिले में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव और जिला एवं सत्र न्यायधीश शैलेंद्र मणि त्रिपाठी ने साईकिल से आए वादकारियों से बातचीत की। उन्होंने लोगों को साईकिल के इस्तेमाल के फायदे भी बताए।

**********

मौसम विभाग ने आज और कल के लिए प्रदेश के अलग–अलग जिलों में लू को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग का पूर्वानुमान है कि इन दो दिनों में पूर्वी और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में लू का असर बना रहेगा। कहीं–कहीं पर 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने की भी संभावना है। वहीं कुछ स्थानों पर गरज के साथ बौछारें भी पड़ सकती हैं।

इस बीच, पीलीभीत जिले में कल मध्यरात्रि को तेज हवाओं के साथ हुई बारिश से लोगों को भीषण गर्मी से थोड़ी राहत मिली। सहारनपुर जिले में भी कल रात गरज चमक के साथ बूंदाबांदी हुई। पूर्वी उत्तर प्रदेश के बलरामपुर और बस्ती में भी आंधीपानी के साथ बारिश होने से लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिली है।

उधर, कल भी प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में भीषण गर्मी और हीट वेब का प्रकोप जारी रहा। पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में तापमान चालीस से पैंतालिस डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया।

**********

अमरोहा जिले के बुरावली थाना क्षेत्र के हसनपुर रहरा मार्ग पर कल दोपहर एक तेज रफ्तार ट्रक ने एक बाइक को टक्कर मार दी,जिसमें बाइक सवार दंपति और उनकी दो वर्षीय बेटी की मौत हो गयी । इस दुर्घटना में दंपति का चार वर्षीय बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करा दिया गया।

**********